# SRU WORLD
(A Monthly News Letter)



Vol : 06 | May 2023 | Page : 8


## विश्वविद्यालय में मई माह में लगभग 25 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट में अवसर



छत्तीसगढ़ के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में मई माह में लगभग 25 विद्यार्थी प्लेसमेंट में चयनित हुए। विश्वविद्यालय ने देश और प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित किया। जिसमें आईडीएफसी बैंक, टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड, योकोहामा टायर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी, पीसी कांट्रेक्टर , रामकृष्ण केयर अस्पताल, मदर डेयरी, मनोरमा इंडस्ट्रीज लिमिटेड,टचस्टोन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,श्री बजरंग पावर एंड इस्पात प्रा.लिमिटेड, पेटीएम शामिल हैं। इस माह जिन विद्यार्थियों को प्लेसमेंट में अवसर प्राप्त हुआ वे एमबीए से अंजलि कौशल ,डिप्लोम सीएस से तृष्णागी प्रमाणिक ,बीएससी से योगिता साहू, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी से चांदनी पांडे, सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा से सिंधु लता प्रधान, डिप्लोमा से तृष्णागी प्रमाणिक, बी.टेक. (सिविल) से हरिवंश निषाद, बीटेक. (सिविल) से झम्मन लाल, एमबीए (एचएम) से वकेश्वर साहू , एमबीए से कोमल प्रसाद, त्रिलोक सिंह कपूर एवं सूरज सोनी, बीसीए से सत्यम सिंह एवं आदर्श तिवारी , सिविल से लक्ष कुमार भारती, एमबीए से सौरभ श्रीवास्तव,इंद्र कुमार साहू हैं।

## 8 विद्यार्थी हुए भारत की अग्रणी डिजिटल भुगतान कम्पनी "पेटीएम" में चयनित...

श्री रावतपुरा सरकार विश्विविद्यालय में भारत की अग्रणी डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। पेटीएम कंपनी द्वारा अपनी टीम में प्रतिभाशाली और कुशल एम्प्लोयी के रूप में श्री रावतपुरा सरकार विश्विविद्यालय के विद्यार्थी त्रिलोक सिंह कपूर,खिलेश कांत दोहरे, सौरव श्रीवास्तव,सूरज सोनी,आदर्श तिवारी,सत्यम सिंह,लकेश कुमार भारती,इंद्र कुमार साहू को चुना गया है।



प्लेसमेंट अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया की चयन प्रक्रिया कठोर और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी थी, और हमें खुशी है कि हमारे विद्यार्थियों ने इस तरह के एक प्रतिष्ठित संगठन के साथ अपनी क्षमता और सुरक्षित प्लेसमेंट का प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि हमारे विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता के साथ-साथ हमारे छात्रों और संकाय सदस्यों की कड़ी मेहनत और समर्पण का एक वसीयतनामा है। हम चयनित छात्रों को बधाई देना चाहते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। हमें विश्वास है कि वे पेटीएम टीम के लिए बहुमूल्य योगदान देंगे और अपनी भूमिकाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।हम अपने प्लेसमेंट ड्राइव के लिए हमारे विश्वविद्यालय को एक स्थान के रूप में चुनने और हमारे 8 छात्रों को यह अवसर प्रदान करने के लिए पेटीएम को भी धन्यवाद देते हैं। हम भविष्य में कंपनी के साथ अपने जुड़ाव को जारी रखने की आशा करते हैं।

साथ ही विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति डॉ. एस.के.सिंह एवं कुलसचिव सी रमेश कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों एवं प्लेसमेंट विभाग को हार्दिक बधाई दी एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की...

# छात्रों ने किया गरिमा गृह एवं संकल्प संस्कृति समिति का भ्रमण...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में समाज विज्ञान संकाय के समाज कार्य विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने गरिमा गृह, रायपुर एवं संकल्प संस्कृति समिति, रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष मनीषा बोस एवं डॉ. नरेश गौतम के निर्देशन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों द्वारा यह शैक्षणिक भ्रमण समाज कार्य के दृष्टिकोण से किया गया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने गरिमा गृह के संचालन एवं ट्रान्सजेंडर के जीवन से जुड़े पहलुओं को बारीकी से सीखने समझने का प्रयास किया। गरिमा गृह का संचालन किस तरह से होता है, क्या-क्या ट्रेनिंग प्रोग्राम चलायें जाते हैं एवं कहाँ से कैसे उन्हें आर्थिक सहयोग प्राप्त होता है। समाज द्वारा उन्हें कैसे देखा जाता है एवं सरकार की नीतियों एवं अन्य तमाम पहलुओं संबंधित चर्चा रवीना बरिहा, देव नाथ, विद्या राजपूत एवं अन्य सहयोगियों द्वारा बताया गया। जो समाजकार्य विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण रहा।

वहीं संकल्प संस्कृति समिति (शंकर नगर) द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति से संबंधित योजनाओं को दृष्टिगत रखते हुये, विद्यार्थियों ने नशा समाज को कैसे रसातल की ओर ले जा रहा है और नशा मुक्ति योजनाओं को संचालित करने में किस-किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सभी पहलुओं को बारीकी से वहाँ की संचालक मनीषा शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ साझा किया। समाज कार्य के विद्यार्थी कैसे इन चुनौतियों का सामना कर समाज में नया बदलाव ला सकते हैं। उन तमाम बिंदुओं पर अपना व्याख्यान एवं संस्था द्वारा संचालित पूर्ण प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की।




## सहायक प्राध्यापक डॉ. रानू अग्रवाल का आर्टिकल हुआ प्रकाशित...

श्री रावतपुर सरकार विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ. रानू अग्रवाल का आर्टिकल, मनु भूमि शोध संस्थान, जयपुर प्रकाशक द्वारा "जूनी ख्यात" जर्नल में प्रकाशित हुआ। आर्टिकल का शीर्षक स्टडी ऑफ़ इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल लेवल ऑफ़ कमार ट्राइब इन छत्तीसगढ़ स्टेट है। यह पत्रिका यूजीसी केयर में अनुक्रमित, समकक्षों द्वारा समीक्षित और सूचीबद्ध है। जिसका इम्पैक्ट फैक्टर: 6.625 है। इस आर्टिकल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य में कमार जनजाति के आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर का अध्ययन करना था। बता दें की डॉ. रानू अग्रवाल छत्तीसगढ़ की कमार जनजाति जो कि मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के गरियाबंद जिले में निवासरत है, उस पर अपना शोध कार्य कर रही है।



# विश्वविद्यालय में खेती एवं खाद से सम्बंधित बहुपरत खेती के महत्पूर्ण बिन्दुओं पर आयोजित पाँच दिवसीय वर्कशॉप...




श्री रावतपुर सरकार विश्वविद्यालय में खेती एवं खाद से सम्बंधित बहुपरत खेती के महत्पूर्ण बिन्दुओं पर 1 से 5 मई तक पाँच दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में वक्ता के तौर पर मध्य प्रदेश के सागर जिले के एक बहु पुरस्कार विजेता और विश्व विख्यात कृषि अन्वेषक आकाश चौरसिया ने छात्रों को पाँच दिनों तक मार्गदर्शित किया,बता दें की उन्हें जैविक कृषि में नवीन कृषि तकनीकों के लिए जाना जाता है| उन्होंने इन पाँच दिनो में खेती से सम्बंधित जानकारी के लिए सर्वप्रथम मिट्टी से सम्बंधित विषय पर जानकारी दी, तत्पश्चात खेती कि अर्थव्यवस्था में बताया कि कैसे एक बीज चार दिनो के अन्दर स्वयं ही सौ बीजों में बदलता है| खेती में बहुत सी समस्या है जिसमें खाद, बीज, पानी, जलवायु, सुरक्षा, जानवरों , बाजार जिनके उपाय एवं नवीनीकरण के बारे में भी बताया गया| उन्होंने बताया की हमारे अंदर प्रतिरोध क्षमता (रेजिस्टेंस पावर) बहुत होती है, किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए, हमारा शरीर तीन दिन के अंदर ही प्रतिरोध क्षमता उत्पन करता है लेकिन हमारी इम्यूनिटी इतनी कम हो गई है कि प्रतिरोध क्षमता बन ही नहीं रही है,और हम जो एंटीबायोटिक ले रहे है वो फायदा ही नहीं कर रही है,इसलिए हमने सोलर ड्रायर तकनीक को तैयार किया है जिसके माध्यम से हम नार्मल टेम्परेचर में ही पानी को वाष्पित कर सकते है,इस ड्रायर को तीन दिन में फेब्रिकेट करने के बाद उसमे दो या तीन दिन में कोई भी चीज नार्मल टेम्परेचर में ड्राई हो जाति है, दो से पाँच दिन के अन्दर हम किसी भी सब्जी को हाइड्रेट कर सकते हैं| प्रत्येक सब्जी को इस्तेमाल करने का एक यूनिक तरीका है| हमको बहुत सारे अलग अलग प्रयास करके दुनियाभर में अपने खाने के फ्लेवर को पहुँचना है जैसे किसी और देश के लोगो ने अपने सभी जंक फूड्स को पहुँचाया है| साथ ही उन्होंने कहा कि किसी एक विज़न को लेकर कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़े एवं अनेक प्रकार के अनाज की खेती करने से अच्छा है कि किसी एक अनाज में फोकस करके उसे विश्व प्रसिद्ध बनाये, जैसे कि आप यदि हल्दी का उत्पादन कर रहे है तो उस हल्दी का उपयोग पूरी दुनिया में हो या टमाटर उत्पादन कर उसका उपयोग पापड़ या रोटी में मिक्स कर एक नया स्वाद के रूप में अपना व्यवसाय कि शुरुवात कर सकते है | खेती में जो भी समस्या आएगी उन समस्याओ का समाधान जो हमने 15 साल के रिसर्च में खोजे है वो भी आप सबसे शेयर करते जायेंगे, खेती को इस रूप में करिए कि आने वाले समय में आप का खेत और आप का काम दुनिया के लिए आदर्श बन जाये| भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए, स्वस्थ भारत कि कल्पना में जैविक रूप देने में आप सब और हम सब को अपना योगदान देना होगा, हमारा एक ही उद्देश्य है कि हर थाली में विष मुक्त अन्न हो एवं हर किसान का खेत जैविक हो| वहीं वर्कशॉप के समापन में छत्तीसगढ़ कृषि विभाग के निदेशक ज्ञानेंद्र पीडिया ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि जैविक खेती में पारंपरिक रूप से परिपूर्ण आकाश चौरसिया के द्वारा जो शिक्षा इन पाँच दिनों में दी गई वो बहुत ही महत्वपूर्ण है उन सभी 50 प्रतिभागियों के लिए जो अब प्रशिक्षित होकर कृषि के क्षेत्र में शिक्षित हो रहे है और आगे भी श्री रावतपुरा सरकार विश्वद्यालय के माध्यम से इस प्रकार के जैविक खेती के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करते रहेंगे| यदि ये प्रशिक्षण लेकर इन सभी प्रतिभागियों में से 10 छात्र भी हमारे एक्सपर्ट जैसे बन जाये तो हमारा ये आयोजन करने का उद्देश्य सफल हो जायेगा साथी ही प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में किसी कार्य के करने के चार गुर्ण होते है जिसमें ये तीन परिश्रम, प्रयास, कृपा के पश्चात् चौथा गुर्ण सफलता स्वयं ही प्राप्त हो जाता है|







## विश्वविद्यालय एवं संकल्प सांस्कृतिक समिति के बीच हुआ एमओयू, समाज में चलाया जाएगा नशामुक्ति जागरूकता अभियान...




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय एवं स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटिंग एजेंसी द्वारा संचालित संकल्प सांस्कृतिक समिति रायपुर के बीच एमओयू हुआ जो कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान की समर्पित है। एमओयू विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों में जागरूकता को बढ़ाने और प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से किया गया। जो पुरे प्रदेश में शराब, धुम्रपान या किसी अन्य नशे की आदत से लोगो को मुक्ती के लिए जागरूक करेंगे। समाज में यह एक समस्या है जो एक व्यक्ति की ज़िन्दगी को बुरे तरीके से प्रभावित कर सकती है। नशीली दवाओं के उपयोग के कारण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक समस्याओं का कारण बन सकती है। नशामुक्ति एक महत्वपूर्ण चुनौती होती है जिससे इस एमओयू के तहत पूरा किया जाएगा।

जिसमें समाज विज्ञान संकाय (समाजशास्त्र, समाजिक विज्ञान, सामाजिक मनोविज्ञान), क्लीनिकल साइकोलॉजी एवं लॉ डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों को इंटरशिप और रोजगार का अवसर प्राप्त करेंगे और जिसके द्वारा उनके कौशल में वृद्धि होंगी और वे भविष्य में आगे बढ़ेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को जागरूकता अभियान पर कार्यशाला, जागरूकता रैली, नुक्कड़ रैली अवैध दवाओं पर विश्वसनीय और सटीक जानकारी के स्रोत के रूप में सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के छात्रों को वार्ता शो में भाग लेने के लिए और परामर्श के माध्यम से सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान पर काम करने से समाज की बेहतरी होगी।

यह एमओयू विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सी रमेशकुमार एवं संकल्प सांस्कृतिक समिति की डारेक्टर मनीषा शर्मा की उपस्थित में किया गया। उन्होंने यह एमओयू में हस्ताक्षर करते हुए समाज कल्याण के प्रति अपने सारे कर्तव्यों का पूरी निष्ठां के साथ पालन करने का संकल्प लिया।

# विश्वविद्यालय के पहले शोधार्थी के तौर पर चुन्नीलाल शर्मा को प्रदान की गई पी-एच.डी. उपाधि...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के समाज कार्य विभाग द्वारा संचालित पी.एच.डी. (सत्र-2019-20) के शोधार्थी चुन्नीलाल शर्मा ने अपना पी-एच.डी. शोध प्रबंध पूर्ण किया। उन्होंने "नशा सेवन और सोशल नेटवर्किंग साईट्स का किशोर और युवाओं के व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन" पर शोध किया है। यह शोध प्रबंध कार्य शोध निदेशक डॉ. नरेश कुमार गौतम और सह-शोध निदेशक डॉ. कामिनी बावनकर के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। यह शोध आने वाले समय को देखते हुए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान समय में बच्चों से लेकर युवाओं एवं बुजुर्गों में भी मोबाईल का एडिक्शन बहुत तेजी से बढ़ रहा जो उन्हें अवसाद और समाज से दूर करता जा रहा है। जो आने वाले समय में एक बड़ी समस्या के तौर पर हमारे सामने है। यह शोध प्रबंध उन सभी समस्याओं और उनसे निजात पाने के तरीकों पर उपचारात्मक क्रिया के उपागमों के माध्यम से इस समस्या का समाधान करता है. साथ ही यह शोध बच्चों एवं युवाओं को सकारात्मक तकनिकी माध्यम से कैसे और अधिक क्रियाशील बनाया जाये ऐसे तमाम उपायों की और इंगित करता है.

हालांकि दुनियां में नशा सेवन और इंटरनेट सोशल साईट्स को लेकर अलग अलग अनेकों शोध कार्य किया गए हैं लेकिन पहली बार इन दोनो समस्याओं को लेकर तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

चुन्नीलाल शर्मा ने समाज कार्य विषय में रायपुर जिले और श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में पहले शोधार्थी के तौर पर अपना शोध प्रबंध जमा कर पी-एच.डी. की उपाधि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि चुन्नीलाल शर्मा को शिक्षा एवं समाज कार्य के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही उन्हें यूनाइटेट स्टेट्स ऑफ अमेरिका द्वारा संचालित 'लब्ध प्रतिष्ठित कार्यक्रम इंटेरनेशनल विजिटर लीडर सीफ़ आवर्ड' के लिए भी आमंत्रित किया गया है।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति डॉ. एस. के. सिंह एवं कुलसचिव सी रमेश कुमार द्वारा शोधार्थी चुन्नीलाल शर्मा और उनके शोध निदेशक डॉ. नरेश कुमार गौतम एवं सह-शोध निदेशक डॉ. कामिनी बावनकर को पी-एच.डी. उपाधि पूर्ण होने पर बधाई दी. साथ ही प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं राज्य के लिए बहुत ही गौरव की बात है. आज मोबाईल के एडिक्शन से बहुत सारी समस्याएं पैदा हो रही है. तकनीक जितनी अधिक उपयोगी है. उतनी ही खतरनाक भी हो सकती है. तकनीक से दूर होने की जरूरत नहीं है बल्कि हमारे समाज को उसके सही उपयोग को सिखने की आवश्यकता है.



# छात्र आकाश कासू ने स्टेट लेवल के बाद अब नेशनल लेवल पर प्राप्त किया गोल्ड मैडल...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के एलएलबी-द्वितीय सेमेस्टर के छात्र आकाश कासू ने नेशनल म्यू थाई कॉम्पीटिशन में पार्टिसिपेट कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। यह आयोजन यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इंडिया की ओर से 25 से 30 मई तक तमिलनाडु, ईवीजी फिल्म सिटी चेन्नई में किया गया जिसमें शामिल होकर आकाश ने एक बार फिर गोल्ड मैडल अपने नाम कर लिया है। प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर, सब जूनियर गर्ल्स-बॉयज शामिल हुए। विश्विविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर अरशद हुसैन ने बताया की इसके पहले 5 मई को आयोजित राज्य स्तरीय म्यू- थाई चयन प्रतियोगिता 2023 में भी जीत प्राप्त कर उन्होंने गोल्ड मैडल प्राप्त किया था और एक बार फिर विश्वविद्यालय के छात्र आकाश ने अपने परिवार और विश्वविद्यालय के साथ साथ पुरे प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। आकाश कासू की इस सफलता पर पुरे विश्वविद्यालय ने ख़ुशी जाहिर की है साथ ही विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति डॉ. एस.के.सिंह एवं कुलसचिव सी रमेश कुमार ने आकाश को बधाई देते हुए कहा की आकाश ने आज अपनी मेहनत और लगन से ये सफलता प्राप्त की है और हम सभी का नाम रोशन किया है और हम इसके लिए गर्व महसूस करते है।



# यूबीए और एनएसएस के तहत सालियाभाटा महासमुंद में किया गया स्वास्थ सर्वेक्षण...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के उन्नत भारत अभियान (यूबीए) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के शिक्षकों और छात्रों के तहत जागरूता अभियान से संबंधित गतिविधियां कराई गई।

13 मई शनिवार को यूबीए और एनएसएस की गतिविधियों के द्वारा सालियाभाटा महासमुंद के ग्राम पंचायत और आस-पास के इलाके जा कर स्वास्थ सर्वेक्षण के साथ उन्हें जागरूक भी किया गया जिसमें गाँव के बुजुर्ग, बच्चों और युवाओं का बी.पी., शुगर, एनीमिया रक्त समूह परीक्षण, नेत्र परीक्षण एवं सामान्य परीक्षण किया और उन्हें स्वास्थ के प्रति मार्गदर्शित भी किया गया।

जागरूता अभियान में उन्नत भारत अभियान और राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं शिक्षक डीन डॉ. अनुभूति कोशले, डॉ. आशीष सरकार, डॉ. जिर्तेंद्र शर्मा, राजेंद्र पटेल, मिशा मार्टिन, तरुण सोनवानी, दिव्या शर्मा एवं अन्य सदसयगण शामिल हुए।



# SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY

Approved & Recognized By : | 13TH PRIVATE UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC12 (B)" STATUS

## एक कोर्स के साथ साथ दूसरी डिग्री लेना भी अब संभव

We are offering

## DUAL DEGREE

- B.Com. + B.B.A.
- M.Com. + M.B.A.
- B.A. + B.B.A.
- M.A. + M.B.A.
- M.Tech. + M.B.A.
- M.Sc. + M.B.A.
- M.Sc. + M.C.A.
- M.A. + L.L.B.
- M.Sc. + L.L.B.
- M.B.A. + L.L.B.
- B.A. / B.Sc. + B.A. / B.Sc. (Fashion Design / Interior Design)



इनके अतिरिक्त अन्य विकल्प भी उपलब्ध है

** Subjected to fulfillment of eligibility criteria



## सम्पादकीय समिति

प्रेरणाश्रोत : परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज

श्री हर्ष गौतम
प्रति-कुलाधिपति

प्रो. एस. के. सिंह
कुलपति

डॉ. सी. रमेशकुमार
कुलसचिव

संपादक
हिना परवीन

छायाचित्र
शुभम नामदेव

ग्राफिक्स डिज़ाइन
दिनेश कुमार सिन्हा

# SRU

## SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY

Approved & Recognized By : | 13TH PRIVATE UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC 12 (B)" STATUS



**ENTER THE WORLD OF SUCCESS**

**ADMISSION OPEN 2023-24**



**किफायती** फीस

**छात्रवृत्ति** की सुविधा

- Best Education
- Best Infrastructure
- 100+ Best world Class Laboratories
- Best 118 Courses of All Streams
- 175+ Research Scholars
- Holistic approach of learning
- Core Training for Personality Grooming
- 100% Placement Opportunity
- Education Hub with 6500+ Students
- Abroad Students from Seven Countries

### COURSES OFFERED

- Diploma • Diploma (Part Time)
- B. Tech. • B. Tech. (Part Time)
- M. Tech. • M. Tech. (Part Time)

- B.Sc. • B.Sc. (Hons) • M.Sc.
- B.Sc. (C.S.) • M.Sc. (C.S.)
- D.C.A. • P.G.D.C.A.
- B.C.A. • M.C.A.

- B.A. • B.A. (Hons) • M.A.
- B.S.W. • M.S.W.

- D. Pharmacy
- B. Pharmacy

- B. Lib. & I. Science
- M. Lib. & I. Science

- B. Ed. Spl. Education
- B.P.Ed. • B.Ed. • D.L.Ed.
- BPES • MPES

- B.A. LLB. • B.COM. LLB.
- L.L.B • L.L.M.

- B. Com. • B. Com. (Hons.)
- M. Com. • B.B.A.
- M.B.A. • M.B.A. (Part Time)
- Executive M.B.A.
- B.B.A.+M.B.A. (Integrated)
- PG Diploma

- Diploma • P.G. Diploma
- B. Sc. • M. Sc.
- B. A. • M.A.

- B.J. • M.J.
- B. A. (JMC) • M. A. (JMC)

- Diploma in Yoga
- P.G. Diploma in Yoga
- B.A. (Yoga) • M. A. (Yoga)
- B.Sc. (Yoga) • M. Sc (Yoga)

- Bachelor of Optometry
- Master of Optometry

- Diploma in Hotel Management
- B.B.A (HM) • B.H.M.C.T.
- M.B.A (HM)

- Ph. D.

- Medical Lab Technology
- Medical Imaging Technology
- Patient Care Assistant
- Dialysis Technology
- Data Entry Operator
- Refrigeration & Airconditioning
- Cookery

- 23 वर्षों के अनुभवी, मध्यभारत की तेजी से उभरते हुए ग्रुप की 65 एकड़ के ग्रीन कैंपस से युक्त, रायपुर से मात्र 11 किलोमीटर की दूरी पर शहर की सबसे नजदीक की युनिवर्सिटी है ।
- छात्र एवं छात्राओं के लिए हॉस्टल की सुविधा है ।
- धमतरी, राजिम, दुर्ग एवं रायपुर शहर हेतु बस सुविधा है ।
- रोजगार उन्मुखी 118 कोर्स : इंजीनियरिंग, लॉ, पैरामेडिकल, ऑप्टोमेट्री,एजुकेशन, फार्मेसी, पत्रकारिता, योग, फैशन-इंटिरियर डिजाईन, आईटी, साइंस, कला, मैनेजमेंट एवं कॉमर्स , होटल मैनेजमेंट, लाइब्रेरी तथा पीएचडी रिसर्च के साथ ही वर्किंग डिप्लोमा इंजीनियर अब डिग्री इंजीनियरिंग का कोर्स एक साथ कर सकते है ।
- डुअल डिग्री की सुविधा भी उपलब्ध है जिससे एक कोर्स के साथ दूसरी डिग्री भी लेना अब संभव है ।
- अंतराष्ट्रीय स्तरीय 2 जिम, 3 ऑडिटोरियम, 5 सेमिनार हॉल, फुटबाल एवं बास्केटबाल ग्राउंड, कैंटिन सुविधा के साथ 60000 से अधिक किताबे युक्त लाइब्रेरी ।
- 250 से अधिक दक्ष एवं अनुभवी प्रोफेसर एवं भारत के विभिन्न विषयों के प्रसिद्ध प्रोफेसर भी अब संबद्ध ।



FULLY FUNCTIONED WORKSHOP



STANDARD COMPUTER LAB



WELL EQUIPPED LABORATORIES



101 SMART CLASS ROOMS



TRANSPORT FACILITY



STANDARD GYMNASIUM

**तीन माह में 175 से अधिक रिकॉर्ड प्लेसमेंट**

7222910411

NH-30, Post Mana, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) India

Follow on : / sruraipurindia / shrirawatpurasarkar